ज़ाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज (सांध्य)

Zakir Husain Delhi College (Evening)

दिल्ली विश्वविद्यालय (University of Delhi)

जवाहरलाल नेहरू मार्ग, नई दिल्ली - ११०००२ Jawaharlal Nehru Marg, New Delhi – 110002

Phone: **011-23231899** Website: **https://zhdce.ac.in/** E-mail: zhpge.college@gmail.com, principal@zhe.du.ac.in

'NAAC ACCREDITED'

Ref No. ZHDC(E)/2026/Notice/ 1683 October 27, 2026

सूचना

सभी विद्यार्थियों को पुनः सूचित किया जाता है कि वे नियमित रूप से एवं गंभीरतापूर्वक अपनी कक्षाओं में उपस्थित रहें। कम उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को आगामी सेमेस्टर की परीक्षाओं में बैठने से रोका जा सकता है। शून्य उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को सतत मूल्यांकन (Continuous Assessment – CA) में शून्य अंक दिए जा सकते हैं। कक्षा के समय महाविद्यालय परिसर में बिना किसी आवश्यक कार्य के घूमना सख्त मना है, क्योंकि इससे शैक्षणिक वातावरण एवं महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों में बाधा उत्पन्न होती है।

सभी शिक्षकों से अनुरोध है कि वे निर्धारित समय-सारणी के अनुसार नियमित रूप से अपनी कक्षाएँ संचालित करना सुनिश्चित करें। समय-सारणी में किसी भी प्रकार का परिवर्तन केवल अधोहस्ताक्षरी की पूर्व लिखित अनुमति से ही किया जाए।

यदि कोई निर्धारित कक्षा नहीं होती है, तो विद्यार्थी इसकी सूचना प्राचार्य को दें। शिक्षकों से अपेक्षा की जाती है कि वे समय-सारणी के अनुसार सभी निर्धारित कक्षाएँ नियमित रूप से संचालित करें तथा शैक्षणिक गतिविधियों का सुचारु संचालन सुनिश्चित करें। किसी अपरिहार्य कारण से अनुपस्थित रहने अथवा निर्धारित कक्षा संचालित करने में असमर्थ होने की स्थिति में, जहाँ तक संभव हो, महाविद्यालय प्रशासन को अग्रिम रूप से सूचित किया जाए, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

सभी संबंधितों से अनुरोध है कि वे अनुशासन बनाए रखने तथा महाविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों के नियमित एवं सुचारु संचालन में सहयोग करें।

27/10/26

प्रो. भरत सिंह

प्रचार्य/विशेष कार्याधिकारी

प्रतिलिपि:

1. समस्त शिक्षक
2. समस्त गैर-शिक्षण
3. छात्र सूचना पट्ट
4. कॉलेज की वेबसाइट